

नवसंकल्प चिंतन शिविर के दौरान हरीश रावत व अन्य।

हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### खच्चर से गिरकर घायल हुए यात्री को एम्स में भर्ती कराया

**संवाददाता** ऋषिकेश। केदारनाथ पैदल मार्ग पर खच्चर से गिरकर घायल हुए एक तीर्थयात्री को शुक्रवार की सुबह हेली एंबुलेंस के जरिए एम्स ऋषिकेश लाया गया। जहां उसका उपचार किया जा रहा है। गुरूवार की शाम केदारनाथ पैदल मार्ग पर लिंचोली के निकट विनोद कुमार (28 वर्ष) निवासी नंदा नगर चमोली खच्चर से गिरकर घायल हो गया था। जिसे स्वामी विवेकानंद धर्मार्थ चिकित्सालय बेस कैंप केदारनाथ में उपचार के लिए ले जाया गया था। यहां से उसे चिकित्सकों ने हायर सेंटर रेफर करने की सिफारिश की थी।

### दो आल्टो कारों में आमने–सामने की भिड़ंत

**संवाददाता** विकासनगर। सीमांत तहसील से जुड़े जेपीआरआर हाईवे पर नया बाजार त्यूणी से करीब दो किमी आगे सरनाड के पास हिमाचल नंबर की दो आल्टो कार में भिड़ंत हो गई। दोनों कारों में आमने–सामने की टक्कर होने से कार सवार तीन महिला समेत पांच लोग घायल हो गए। ग्रामीणों ने घायलों को तुरंत उपचार के लिए राजकीय अस्पताल त्यूणी पहुंचाया। अस्पताल प्रशासन ने घायल चार व्यक्तियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी और गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति को हायर सेंटर रोहड़ू–हिमाचल रेफर कर दिया।

### डीआईटी विश्वविद्यालय में छात्रों ने सीखे आपदा प्रबंधन के गुर

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड राज्य अपनी विशिष्ट भौगोलिक, भूवैज्ञानिक और जलवायु परिस्थितियों के कारण एक बहु–जोखिम प्रवण राज्य है। एक ओर, राज्य लोगों का पसंदीदा पर्यटन स्थल है क्योंकि इसका अधिकांश क्षेत्र पहाड़ी और वनाच्छादित है और राज्य के सकल घरेलू उत्पाद में इसका बड़ा योगदान है जबकि दूसरी ओर, राज्य की संवेदनशीलता विभिन्न प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के लिए भी फ्लैश फ्लड, भूस्खलन और भूकंप के रूप में प्रकट होता है।

### ओप्पो इंडिया ने माइक्रोसॉफ्ट के साथ हाथ मिलाया

**संवाददाता** देहरादून। भारत से इनोवेशन को आगे बढ़ाने के अपने दृष्टिकोण के अनुरूप काम करते हुए, ओप्पो इंडिया ने आज देश में स्टार्टअप्स को सशक्त बनाने के लिए ओप्पो एलिवेट प्रोग्राम के दूसरे संस्करण को लॉन्च करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के साथ अपने सहयोग की घोषणा की। इस कार्यक्रम के माध्यम से, ओप्पो का लक्ष्य भारत में समग्र इनोवेशन संस्कृति में तेजी लाना और उन स्टार्टअप्स को मेंटर करना है जो उद्योग में अगला बड़ा तकनीकी परिवर्तन लाने की क्षमता रखते हैं।

# तीर्थ यात्रियों को न करना पड़े किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना

**निर्देश**

■ वित्तमंत्री ने मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की

■ दिए गए निर्देशों के क्रम में विभाग द्वारा की गई प्रगति की जानकारी ली



**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के वित्त/शहरी विकास/संसदीय कार्य मंत्री प्रेम चन्द अग्रवाल ने विधानसभा स्थित सभा कक्ष में मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण के अधिकारियों के साथ बैठक की।

मंत्री ने पूर्व बैठक में दिये निर्देशों के क्रम में विभाग द्वारा की गई प्रगति की जानकारी ली। उन्होने ऋषिकेश मल्टीस्टोरी पार्किंग, मसूरी में मल्टी स्टोरी पार्किंग तथा मसूरी में माल रोड के सौंदर्यीकरण के प्रगति के सम्बन्ध में विभागीय अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। जिसमें अधिकारियों द्वारा अगवत कराया गया कि सम्बन्धित कार्य त्वरित गति से किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि ऋषिकेश/मसूरी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों के चलते तीर्थ यात्रियों/पर्यटकों को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होने पूर्व में दिये गये निर्देश के क्रम में (15 दिनों में आवसीय और 30 दिनों में व्यवसायिक नक्शा पास करने की अवधि) किये गये कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया।

मंत्री ने देहरूदन में लगभग 600 अवैध निर्माण कार्यों पर चिन्ता व्यक्त करते हुए कहा कि अवैध निर्माणधबिना नक्शा पास भवन अवैध कब्जा के संबंध में विभागीय अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की जाय। उन्होने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए अवैध निर्माण व बिना नक्शे वाले भवनों के संबंध में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किये जाने के निर्देश सचिव मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण को दिये।

मंत्री ने मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण की छवि को सुधारने, विकास कार्यों में पारदर्शिता लाने तथा अवैध निर्माण को रोकने के सम्बन्ध में अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

मंत्री ने कहा कि आगामी बजट में समाज के सभी वर्गों से सुझाव प्राप्त किये जा रहे है। उन्होने कहा कि ई–मेल में माध्यम से भी सुझाव प्राप्त हो रहे है। उन्होने कहा कि ईमेल पर सुझाव प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 27 मई 2022 तक बढाई गई है। जनता द्वारा प्रेषित महत्वपूर्ण सुझावों को बजट में सम्मिलित किया जायेगा।

बैठक में मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष बृजेश कुमार संत, सचिव मोहन सिंह बर्निया, एसई एच.सी.एस. राणा तथा अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### केदारनाथ में हृदय गति रुकने से दो यात्रियों की मौत

**संवाददाता** देहरादून। शुक्रवार को केदारनाथ यात्रा पर आए दो यात्रियों की मौत हो गई। जिसमें एक यात्री महाराष्ट्र का है, जबकि दूसरा यात्री मध्य प्रदेश के हैं। अब तक केदारनाथ में हृदय गति रुकने से 22 यात्रियों की मौत हो गई है, जबकि एक यात्री की गौरीकुंड में पैर फिसलने से मौत हुई है। शुक्रवार को महाराष्ट्र के यात्री 61 वर्षीय प्रदीप कुमार कुलकर्णी निवासी सुंदपार्क थाना अभिरुचि पूणे महाराष्ट्र की अचानक तबीयत खराब होने से मौत हो गई। वहीं, मध्य प्रदेश के 57 वर्षीय बंशीलाल गडचेली थाना पिपलिया मंडी मंदसोर मध्य प्रदेश की भी केदारनाथ में अचानक तबीतय बिगड़ने से मौत हो गई। अब तक कुल 23 यात्रियों की मृत्यु हो चुकी है। इसमें एक यात्री की गौरीकुंड में पैर फिसलने से मौत हुई। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा बीके शुक्ला ने बताया कि केदारनाथ धाम में स्वास्थ्य खराब होने पर यात्रियों को स्वास्थ्य विभाग तत्परता से स्वास्थ्य परीक्षण करते हुए उपचार कर रहा है। जिसके लिए यात्रा मार्ग से लेकर केदारनाथ धाम तक डाक्टरों की तैनाती की गई है। ओपीडी के माध्यम से श्रद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण एवं उपचार किया जा रहा है।

## सेवायोजन विभाग को आउट सोर्स एजेन्सी के रूप में किया जायेगा विकसित

**बैठक**

■ सेवायोजन विभाग के पास 23 कार्यालय तथा लगभग 8.5 लाख लोग है पंजीकृत



**संवाददाता**

देहरादून। प्रदेश के पशुपालन/दुग्ध विकास एवं मत्स्य पालनध्गन्ना विकास एवं चीनी उद्योगध्कौशल विकास मंत्री सौरभ बहुगुणा द्वारा विधानसभा स्थित सभा कक्ष में कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग के अधिकारियों तथा अन्य अधिकारियो के साथ बैठक की।

मंत्री ने कहा कि सेवायोजन विभाग को आउट सोर्स एजेन्सी उत्तराखण्ड के रूप में विकसित किया जायेगा। सेवायोजन विभाग के पास 23 कार्यालय तथा लगभग 8.5 लाख लोग पंजीकृत है। उन्होने सेवायोजन, कार्मिक एवं वित्त विभाग के अधिकारियो के साथ बैठक कर आउट सोर्स एजेन्सी बनाने के प्रस्ताव पर विस्तृत चर्चा की तथा प्रस्ताव बनाये जाने हेतु अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। मंत्री ने कहा कि विभाग द्वारा आउट सोर्स एजेन्सी का प्रस्ताव तैयार होने के बाद मुख्यमंत्री के समक्ष रखा जायेगा।

बैठक में सचिव कौशल विकास एवं सेवायोजन विजय यादव, सचिव न्याय धन्नजय चतुर्वेदी, निदेशक सेवायोजन डॉ. बीएस चलाल, अपर सचिव कार्मिक सुमन सिंह वल्दिया, अपर सचिव वित्त रोहित मीणा अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### सोनिया गांधी की सीख को अपने जीवन आचरण में उतारेंगे हरीश रावत

**संवाददाता** देहरादून। राजस्थान के उदयपुर में एआईसीसी ने नवसंकल्प चिंतन शिविर का आयोजन किया, जिसमें उत्तराखंड के पूर्व सीएम हरीश रावत ने भी हिस्सा लिया। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने नवसंकल्प चिंतन शिविर को लेकर एक ट्वीट किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि उदयपुर में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने दिल को छू लेने वाली अहम बात कही है। हरीश रावत ने कहा कि आप में से बहुत सारे लोगों को कांग्रेस पार्टी ने बहुत कुछ दिया है। अब समय है कि आप पार्टी के लिए कुछ करें. पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हममें से हर व्यक्ति को कुछ कामों को अपने हाथ में लेना चाहिए। साधन खर्च करने वाले कामों को भी लेना चाहिए और कुछ ऐसे कामों को भी लेना चाहिए, जिसमें साधन कम खर्च हो रहे हों लेकिन कांग्रेस बन रही हो।

In a Digital World Why
To wait for a Howker

Visit Us at https://www.page3news.co.

Supporting Devices
All Apple Touch Phones & Tablets
All Android Touch Phones & Tablets
All Window & BlackBerry Touch Phones 10+





Scan This Code

Read News
Watch News Channel

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
प्रदीप चौधरी
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ-राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
संपादकः प्रदीप चौधरी

सिटी कार्यालयः
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।